Regarding redevelopment of `Masala Park` in Guna

Parliamentary Constituency-laid

श्री कृष्णपालसिंह यादव **(गुना):** वाणिज्य मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले मसाला बोर्ड ने 45 करोड़ रुपये की लागत से 2013 में गुना के मावन गाँव में मसाला पार्क का संचालन शुरू किया था, जिसका उद्देश्य किसानों को बेहतर सुविधाएं देना था । जिससे धनिया की खेती करने वाले किसानों को बेहतर दाम मिले । यह पार्क 100 एकड़ में फैला हुआ है और यह देश का पहला मसाला पार्क था, जो Public Private Partnership Model पर शुरू किया था और इसमें आधुनिक सुविधाएं जैसे processing, quality evaluation, Cold Storage, Steam Sterilizer, Warehousing का प्रावधान भी किया गया था, लेकिन वर्तमान में यहाँ पर अपेक्षा अनुसार कार्य नहीं हो रहा और बहुत ही कम निर्यात यूनिट की स्थापना हुई है एवं अनुमानित रोज़गार भी नहीं मिले है । मेरे गुना लोक सभा में धनिया, लहसुन, प्याज और हल्दी की खेती होती है और मसाला पार्क के सुचारु संचालन से छोटे किसानों को बहुत लाभ मिलेगा तथा मसाले का निर्यात भी बढ़ेगा । मेरा सरकार से निवेदन है कि गुना में स्थित मसाला पार्क को पुनर्विकसित किया जाए और इसकी क्षमता के अनुसार यहाँ पर परियोजनाएं शुरू की जाए, जिससे मेरा क्षेत्र जो आकांक्षी जिले में आता है, उसका समग्र विकास हो और मसालों के उत्पादन और निर्यात में हम आत्मनिर्भर बने जो हमारे प्रधानमंत्री जी का लक्ष्य है ।